हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 मई 2026





# 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**
Advt.

## खबर संक्षेप

### बाइक में ले जा रहा था शराब, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए बाइक में बड़ी मात्रा में शराब ले जा रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 45 पाव गोवा शराब एवं बाइक बरामद की गई है।

डोंगरगढ़ क्षेत्र में इन दिनों पुलिस द्वारा लगातार अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। जिससे शराब कोचियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 मई को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि डोंगरगढ़ भीमनगर निवासी रवि शेंडे अपनी मोटर साइकिल टीवीएस राइडर में मेढ़ा भट्ठी से एक थैले में अत्याधिक मात्रा में शराब लेकर अवैध रूप से बिक्री हेतु अपने घर ला रहा है।

#### नाकाबंदी कर पकड़ा

इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते प्रज्ञागिरी जाने वाले तिराहा हनुमान मंदिर के पास ग्राम कुरभाठा में नाकाबंदी कर आरोपी रवि शेंडे को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 45 पाव गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमती 5,400 रुपए एवं मोटर साइकिल टीवीएस राइडर को जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## हालात : राजनांदगांव ब्लॉक में जलस्तर सबसे कमजोर

# जिले के 119 जलाशयों में 48% पानी का स्टोरेज, दस जलाशय में जलभराव शून्य!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

जिले में गर्मी की दस्तक के साथ ही जल संकट ने गंभीर रूप धारण करना शुरू कर दिया था। अब लगभग डेढ़ महीने की गर्मी के बाद जिले में कई गांवों में जल का संकट देखने को मिल रहा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव ब्लॉक में भू-जल स्तर जिले में सबसे कमजोर स्थिति में पहुंच गया है। सिंचाई और पेयजल के मुख्य स्रोत माने जाने वाले जिले के 119 जलाशयों की स्थिति भी चिंताजनक है, जहां वर्तमान में कुल क्षमता का केवल 48 प्रतिशत स्टोरेज ही शेष बचा है।

वहीं जिले के 10 जलाशयों में पानी का स्तर गिरकर शून्य पर पहुंच गया है। 119 जलाशयों में सामूहिक रूप से मात्र 48 प्रतिशत पानी उपलब्ध है। राजनांदगांव ब्लॉक में जलस्तर की गिरावट सबसे अधिक दर्ज की गई है। शिवनाथ नदी का जलस्तर घटने से एनीकट भी सूखने की कगार पर है।

जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट बताती है कि कम बारिश और अत्याधिक दोहन के कारण जलाशयों का जलभराव तेजी से कम हुआ है। 10 जलाशयों के पूरी तरह सूखने से न केवल रबी की फसलों के लिए संकट खड़ा हो गया है, बल्कि मवेशियों के लिए निस्तारी पानी की समस्या भी पैदा हो गई है। कृषि और औद्योगिक उपयोग के लिए भू-जल का अनियंत्रित निष्कर्षण, कंक्रीट के बढ़ते जाल और तालाबों के अतिक्रमण के कारण वर्षा जल का जमीन के भीतर न जा पाना, पिछले सत्र में खंड वर्षा और औसत से कम बारिश ने जलाशयों को भरने का मौका नहीं दिया।



### इन जलाशयों में स्टॉक शून्य

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव ब्लॉक में पेंड्री, नवागांव, कलकसा, खपरी, डुमरडीह, अमलीडीह लघु जलाशय में जलभराव की स्थिति शून्य है। ऐसे ही डोंगरगांव ब्लॉक में पेंडरवानी और बड़भूम लघु जलाशय शामिल हैं। डोंगरगढ़ ब्लॉक में बिल्हरी, ठेकवा, कांदेसरा, लोवरकरवारी, सलटेकरी, लघु जलाशय शामिल हैं।

### जिले में हैंडपंप भी हो रहे ड्राय

भीषण गर्मी का असर है कि ग्रामीण इलाकों में पेजयल के लिए लगाए गए हैंडपंप भी अब ड्राय होने लगे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुल 8967 हैंडपंप स्थित है। जिनमें करीबन 247 हैंडपंप बंद हो गए हैं। ऐसे में 8555 हैंडपंप से ही पानी आ रहा है। हालांकि करीबन 412 हैंडपंप को मरम्मत की जरूरत है।

### जनता का आक्रोश और प्रशासन की चुनौती

पेयजल की किल्लत को लेकर जिले के विभिन्न हिस्सों से विरोध प्रदर्शन की खबरें आ रही है। हाल ही में पानी की समस्या को लेकर महिलाओं द्वारा चक्काजाम जैसी स्थितियां भी निर्मित हुई है। पीएचई विभाग के अनुसार कई ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंपों ने पानी छोड़ दिया है। जिससे अब टैंकरों और दूरस्थ पाईप लाइनों पर निर्भरता बढ़ गई है।

## विवाद कर दी धमकी, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** विवाद कर धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक अनावेदक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंदाटोला थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 मई को अनावेदक थनवार साहू 43 साल कोलिहालमती द्वारा ग्राम कोलिहालमती के रोजगार सहायक को अपने नाम से पास हुए अटल आवास को रोकने के नाम वाद-विवाद करते देख लेने की बात कर धमकी देने लगा। जसिसे आवेदक की शिकायत पर शांतिभंग होने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की आशंका पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत अनावेदक थनवार साहू को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर इस्तगासा तैयार कर न्यायालय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट छुरिया में पेश किया गया है।







## खबर संक्षेप

### वाणिज्य संकाय में माही जैन द्वितीय



**डोंगरगांव।** स्थानीय पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कक्षा बारहवीं के परिणाम गत दिनों घोषित हुए। अंग्रेजी माध्यम वाणिज्य संकाय की परीक्षा में माही जैन ने 72.4 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। माही की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए श्री दिगम्बर जैन समाज के पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### सौरभ मित्तल बने डॉक्टर




**खड़गांव।** हरिभूमि संवाददाता विजय जैन मित्तल के भतीजे सौरभ मित्तल डाक्टर बन गए है। उन्होंने प्रारंभिक पढ़ाई दल्लीराजहरा में करने के पश्चात नीट परीक्षा की तैयारी कोटा से कर सफलता प्राप्त किया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में पढ़ाई पूरी कर डाक्टर बनने का गौरव हासिल किया है। सौरभ मित्तल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं परिजनों को दिया। उनके पिता दीपक मित्तल बालोद जिले के वरिष्ठ पत्रकार के साथ व्यापारी हैं। उन्होंने कहा कि सौरभ ने हमारे सपनों को साकार किया है। मित्तल परिवार में चार डाक्टर, सीए, इंटीरियर डिजाइनर, वास्तु टिप्स, इंजीनियर, वकील बन चुके है। सौरभ के डाक्टर बनने पर तहसीलदार राज आशीष, थाना प्रभारी संजय यादव, जनपद सदस्य साहिदा खान, सरपंच रमिला ध्रुवे, व्यापारी संघ सदस्यों आदि ने बधाई दी है।

### राम गिरधर को पीएचडी



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के प्रथम छात्र राम गिरधर ने छत्तीसगढ़ के कृषि-आधारित स्टार्टअप्स पर विपणन रणनीतियों के प्रभाव विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त किया है। उन्हें इस कामयाबी के लिए सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।

### साधकों ने मनाया गुरु अवतरण दिवस



**डोंगरगढ़।** विश्व जागृति मिशन के संस्थापक संत सुधांशु महाराज का जन्मदिन उल्लास पर्व के रूप में मनाया गया। विभिन्न अस्पतालों में फल वितरण कर मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। नीचे बम्लेश्वरी मंदिर में साधकों ने गुरुवर के दीर्घायु जीवन की कामना की। माता की आरती के पश्चात साधको गौ पूजन किया। तत्पश्चात खेमुका निवास में महामृत्युंजय मंत्र का जाप कर गुरुवर के यशस्वी जीवन की कामना की गई। सभी साधकों ने वृहद पौधरोपण का संकल्प लिया। साधकों ने मिशन संयोजक गोपाल खेमुका, प्रधान एनआर देवांगन के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रामकृपा हॉस्पिटल, बाफना हॉस्पिटल में फल वितरण किया। इस दौरान विश्वनाथ यादव, संवलसिंह सहारे, हेमंत साहू, अजय ठाकुर, बालाराम साहू, डॉ बीपी चंद्राकर, हीरालाल मौर्य, मंथिरदास साहू, मनोहर लाल साहू, संतोष टेमरे, मनोज वासनिक, एएस ठाकुर, सुमन खेमुका, किरण नरेड़ी, नीलम साहू, तन्वी एवं आस्था सहित अन्य साधक मौजूद थे।

## निजी और सरकारी जमीनों के पेड़ों का अस्तित्व खतरे में

# कट रहे हरे भरे पेड़, बढ़ रही मवेशियों की मुसीबतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

आसमान से बरसती आग ने जनजीवन बेहाल कर दिया है, वहीं दूसरी ओर गंडई क्षेत्र में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने पर्यावरण के साथ बेजुबान मवेशियों के लिए संकट खड़ा कर दिया है। तपती धूप में छांव की तलाश करने वाले मवेशियों से कुदरती छत छिनती जा रही है।

क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के लिए बाकायदा टीम काम कर रही है। लकड़ी ठेकेदार गांवों में घूम-घूमकर हरे-भरे पेड़ों की कीमत लगाते हैं और आधुनिक मशीनों से मिनटों में पेड़ों को जमींदोज कर देते हैं।

हद तो तब हो जाती है जब राजस्व और पीडब्ल्यूडी सहित वन विभाग की जमीनों पर लगे पेड़ों को भी बिना अनुमति के काट दिया जाता है। शिकायत के अभाव में संबंधित विभाग मौन साधे हुए हैं, जिसका सीधा फायदा सिंडिकेट उठा रहा है।

### खटारा गाड़ियों से परिवहन

इस अवैध कारोबार में परिवहन के लिए ऐसी गाड़ियों का इस्तेमाल हो रहा है जो पूरी तरह कंडम और एक्सपायरी हो चुकी हैं। परिवहन विभाग की अनुपस्थिति के कारण इन कबाड़ गाड़ियों की फिटनेस जांच नहीं होती, जिससे सड़कों पर हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। शासन के नियमों को ताक पर रखकर यह वाहन बेधड़क पेड़ों की ढुलाई में लगे हैं।



### प्रतिबंधित लकड़ियों का खेल

सूत्रों के अनुसार पेड़ों की बलि चढ़ाने के खेल में बबूल के वृक्ष सबसे ज्यादा निशाने पर रहते हैं। बबूल पर प्रतिबंध की शिथिलता का लाभ उठाकर ठेकेदार इन्हें खरीदते हैं और ईंट भट्ठों व टिंबर मार्ट में बेच देते हैं, लेकिन असली खेल बबूल की आड़ में होता है। टिंबर मार्ट जाने वाली गाड़ियों में करंज, नीम, कउहाँ, सागौन, आम, आदि लकड़ियां भर दी जाती हैं और ऊपर बबूल के तने लाद दिए जाते हैं। चेकिंग की पुख्ता व्यवस्था न होने के कारण यह गाड़ियां रायपुर और कुम्हारी तक बेखौफ पहुंच रही हैं।

### छीन रही छांव

सड़कों के किनारे लगे पेड़ों की बलि चढ़ने से न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि भविष्य में क्षेत्र रेगिस्तान बनने की दिशा में बढ़ रहा है। जिम्मेदार विभागों प्रशासन ने ठेकेदारों और अवैध परिवहन पर नकेल नहीं कसी, तो वह दिन दूर नहीं जब क्षेत्र में छांव के लिए पेड़ नहीं होगा।

### जांच की जाएगी

अनुविभागीय अधिकारी अविनाश ठाकुर ने बताया कि जांच कर कार्यवाही किया जाएगा।

# महेश नगर आर्शीवाद कालोनी में पानी निकासी की समस्या

## कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी कर नाली निर्माण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मूलभुत सुविधा बिजली,पानी, सफाई का हाल जानने महापौर मधुसूदन यादव द्वारा वार्डों में निरीक्षण कर वार्डवासियों से रूबरू हो समस्या से अवगत हो रहे हैं। इसी कड़ी में महेश नगर क्षेत्र के आर्शीवाद कालोनी, गांधी नगर में नाली पानी निकासी की समस्या पर महापौर श्री यादव बुधवार को पार्षद सेवक उईके तथा निगम के तकनीकी अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर पानी निकासी हेतु कच्ची नाली खोदवाकर पानी निकासी कराया।

महेश नगर एवं आर्शीवाद कालोनी में घरों का पानी के निकासी नही होने की स्थिति में पानी भरान की स्थिति निर्मित हो रही थी। जिसकी जानकारी देने पर महापौर श्री यादव स्थल मुआयना कर कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थाई समाधान के लिए महेश नगर एवं आर्शीवाद कालोनी में नाली निर्माण किया जाए और उसे डोंगरगांव रोड नाला में जोड़ा जाए। जिससे पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। निर्देश पर जेसीबी के माध्यम से कच्ची नाली खोद भरे पानी की निकासी कराई गई।



### बारिश पूर्व नाली निर्माण किया जाए

महापौर श्री यादव ने कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे एवं उप अभियंता अनुप पांडे से कहा कि स्थाई समाधान के लिए बारिश के पूर्व महेश नगर एवं आर्शीवाद कालोनी में नाली निर्माण किया जाए, ताकि बरसात में कालोनी में पानी भरने की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने गांधी नगर में पुलिया निर्माण करने भी कहा। उन्होंने कहा कि बरसात के पूर्व पानी भरान वाले क्षेत्रो में पानी निकासी के लिए आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें।

### जस झांकी का कार्यक्रम 21 को

**पटेवा।** ग्राम में आगामी 21 मई को पंचायत एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में दाईं के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार पटपर का कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से मानस मंच प्रांगण में रखा गया है।

### उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं संचालन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत सीईओ ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले में संचालित नेशनल मिशन एडिबल ऑयल-ऑयल पॉम, राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत प्राप्त भौतिक लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने 15 मई तक हितग्राहियों का चयन कर सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पौधरोपण का कार्य एवं कृषकों को योजना में प्रावधानित अनुदान का लाभ 15 अगस्त तक प्रत्यक्ष लाभहस्तांतरण की प्रक्रिया के तहत बैंक खातों में सुनिश्चित करने कहा। जिला पंचायत सीईओ ने राज्य शासन द्वारा इस वर्ष से संचालित की जाने वाली महत्वकांक्षी योजना फूलों की खेती को सशक्त तरीके से क्रियान्वित करने निर्देशित किया। उन्होंने निर्मित किए जाने वाले कलस्टरों की लखपति दीदीयों को योजना के तहत अधिक से अधिक लाभान्वित करने कहा।

# बेमौसम बारिश और तूफान से चौपट हुई मक्का फसल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

अंचल के ग्राम जोरातराई, थैलीटोला, जादूटोला, राघोटोला, शिकारीटोला, कोटरा, तोयागोंदी, चिखली, ढाढूटोला के अधिकांश किसानों ने इस सीजन में मक्का लगाया है। फसल पककर तैयार भी हो गई है। तोड़ाई के दिनों में बेमौसम बारिश, तुफान से फसल को भारी नुकसान हो रहा है। बीते दिनों बारिश के बाद मक्का के पौधे गिर गए। जिन किसानों ने तुड़ाईकर मिंजाई कर लिया था उनकी फसल पानी में भीग गई है जिससे किसानों को नुकसान होने की आशंका है।

### सरकारी खरीदी नहीं

मक्का उत्पादक किसान अब बिक्री को लेकर परेशान हो रहे हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की मांग को लेकर किसान तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चुके है। उन्होंने पूर्व में चक्काजाम आंदोलन भी किया था फिर भी अब तक खरीदी शुरू नहीं हुई है। सरकारी खरीदी नहीं होने से कोचिया औने -पौने दाम पर मक्का की खरीदी कर रहे है वह भी उधार में। किसानों ने समर्थन मूल्य पर मक्का की खरीदी करने की मांग की है।

# बढ़ते हादसों से खतरे में ग्रामीणों की जान

## भारी वाहनों पर नियंत्रण की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़- खैरागढ़ मार्ग पर हो रहे हादसों ने क्षेत्रवासियों की चिंता बढ़ा दिया है। अछोली और कलकसा के बीच शुक्रवार को हुए सड़क हादसे ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछोली में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि डीजल बचाने और दूरी कम करने के लिए महाराष्ट्र की ओर जाने वाले वाहन कवर्धा मार्ग छोड़कर डोंगरगढ़- खैरागढ़ मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। परिणामस्वरूप इस सड़क पर भारी वाहनों का दबाव रहता है।



### मौत का रास्ता

क्षेत्रवासियों ने बताया कि ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार ट्रकों ने इस मार्ग को मौत का रास्ता बना दिया है। सड़क संकरी होने और कई स्थानों पर खतरनाक मोड़ होने के बाद भी वाहन तेज गति से गुजरते हैं, जिससे छोटे वाहन चालकों और ग्रामीणों को दुर्घटना का भय बना रहता है।

### बायपास निर्माण की मांग

लंबे समय से लंबित बायपास निर्माण को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग तेज हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बायपास बनने से भारी वाहनों का दबाव गांवों के भीतर से कम होगा और आम लोगों को राहत मिलेगी। लगातार हो रहे हादसों के बाद प्रशासन की ओर से ठोस पहल नहीं किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं गया तो आंदोलन किया जाएगा।

### खतरे में बच्चे

इस मार्ग पर एक दर्जन से अधिक स्कूल संचालित हैं, जहां प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राओं का आना-जाना होता है। लगातार हो रहे हादसों के कारण अभिभावकों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में बड़ी जनहानि हो सकती है। नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने, ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई तथा ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

## योजना की सराहना

# विधायक मंडावी का घर सोलर बिजली से रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रही है। इस कड़ी में विधायक इंद्रशाह मंडावी ने इस योजना को अपनाकर उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। विधायक श्री मंडावी ने न केवल इस योजना का प्रचार किया, बल्कि खुद भी लाभार्थी बने। उन्होंने ऑनलाइन आवेदन कर पंजीकृत वेंडर से संपर्क किया और अपने निवास पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट सफलतापूर्वक स्थापित करवाया।

विधायक श्री मंडावी ने जनमानस को प्रेरित करते हुए कहा कि हर घर सौर ऊर्जा को अपनाता है, तो इससे न केवल व्यक्तिगत बिजली खर्च में भारी कमी आएगी, बल्कि पूरा क्षेत्र ऊर्जा आपूर्ति के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह योजना मध्यम और गरीब परिवारों को बिजली बिलों से मुक्त करेगी। श्री मंडावी ने बताया कि 5 किलोवाट के इस प्लांट के माध्यम से अब उनके घर की बिजली संबंधी आवश्यकताएं सौर ऊर्जा से पूरी होंगी।



### सब्सिडी और सरल ऋण सुविधा

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए श्री मंडावी ने बताया कि सरकार द्वारा 1 लाख 8 हजार तक की सब्सिडी दी जाती है। उन्होंने कहा कि जो लोग एकमुश्त राशि जमा करने में सक्षम नहीं हैं, उनके लिए आसान किस्तों पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे सोलर सिस्टम लगवाना सरल हो गया है।

# संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जीएच रायसोनी मेमोरियल दुर्ग संभागीय एकदिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन उत्साह के साथ हुआ।

सरस्वती शिशु व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित प्रतिष्ठित स्पर्धा में दुर्ग संभाग के सातों जिलों यथा दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, मोहला मानपुर चौकी और खैरागढ़ छुईखदानगंडई के लगभग 70 से अधिक प्रतिभागियों ने अपने बौद्धिक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष व प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह थे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज गिड़िया और जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी उपस्थित थे।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि शतरंज ऐसा खेल है जो व्यक्ति की रणनीतिक सोच, धैर्य और निर्णय क्षमता को विकसित करता है। उन्होंने कहा कि इतिहास में शतरंज को सदैव श्रेष्ठ बौद्धिक खेलों में गिना गया है और आज भी इसकी प्रासंगिकता बनी हुई है। उन्होंने विजेता खिलाडिय़ो को बधाई देते हुए बेहतर प्रदर्शन की शुभकामना दी।



### युवाओं को मिलेगी नई दिशाः घम्मन

अध्यक्षीय संबोधन में घम्मन साहू ने शतरंज के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगीत कला की नगरी में इस प्रकार का आयोजन युवाओं को नई दिशा देने वाले हैं। समाजसेवी मनोज गिड़िया ने स्पर्धा के सफल आयोजन को लेकर आयोजकों को बधाई दी। समारोह संचालक अनुराग शांति तुरे ने कहा कि आधुनिक समय में सोशल मीडिया और डिजिटल व्यस्तताओं के बीच शतरंज जैसा बौद्धिक खेल युवाओं को एकाग्रता, अनुशासन और सकारात्मक सोच की दिशा देता हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों व समाजसेवियों से जिले में शतरंज को प्रोत्साहित करने की अपील की।

### विजयी प्रतिभागियों का सम्मान

अतिथियों द्वारा रजनीकांत बख्शी राजनांदगांव प्रथम, मयंक सोनारे दुर्ग द्वितीय और शुभम सिंह दुर्ग तृतीय सहित शुभम सोनी, आयुष वैष्णव, भव्य टाटिया, गगन साहू, सालिक नवाज मनिहार, सत्यम वर्मा, संदीप लालवानी को पुरस्कृत किया वही महिला प्रतिभागी इशिका मडके दुर्ग और अंजुम परवीन कवर्धा सहित जिले के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप मे शाहबाज अहमद सम्मानित किया गया। इसके अलावा जय जंघेल, मिर्जा मतीन राजनांदगांव, राजेंद्र द्विवेदी कबीरधाम को संस्था ने सम्मानित किया।

### बाल प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

बाल प्रतिभाओं में अनाया पाणिग्रही दुर्ग, स्वयं सिंह ठाकुर केसीजी, इधिका वरुडकर राजनांदगांव, के श्रेयशी एमएमसी, सर्वेश लिहारे दुर्ग, अमन जोशी केसीजी, राशि वरुडकर राजनांदगांव, लक्षित राठी राजनांदगांव, परिधि लिल्हारे दुर्ग, संस्कार सोनी दुर्ग सहित सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष सद्दाम हुसैन, उपाध्यक्ष यतेंद्रजीत सिंह, सचिव रॉकी देवांगन, कोषाध्यक्ष शेख जाहिद, निर्णायक अनिल शर्मा, दिव्यांशु उपाध्याय, रिजवान सोलंकी सहित अन्य उपस्थित थे।

### अर्जुनी कॉलेज परिसर में चला सफाई अभियान



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में कविवर रवींद्रनाथ टैगोर के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए सफाई की एवं आसपास के लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष ज्ञानेश्वर देवांगन ने रविंद्र नाथ टैगोर का जीवन परिचय से अवगत कराया एवं साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालाद्ध डॉ .संजू सिंह ने कहा कि भारत के राष्ट्रगान के निर्माता रवींद्रनाथ टैगोर है। उन्होंने भारत ही नहीं अपितु बांग्लादेश का राष्ट्रगान भी लिखा था। छात्र चंद्रप्रकाश साहू ने कहा कि रविंद्रनाथ टैगोर ने साहित्य लेखन से भारतीयों को जोड़ने का प्रयास किया है। नेहा ने बताया कि नोबेल पुरस्कार के माध्यम से उन्हे विश्व विख्यात ख्याति मिली। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता डॉ.हेमलता विरदी, कंचन साहू ,चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, संध्या , चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भोरमदेव मंदिर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव मंदिर परिसर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व रविवार को सांस्कृतिक चेतना, आस्था और राष्ट्र गौरव के वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए और जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा श्रद्धालुओं के साथ गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से वर्चुअली जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूजा-अर्चना एवं संबोधन का अवलोकन किया।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास, विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए हमलों, मंदिर के पुनर्निर्माण और देश में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर अपने विचार साझा किए। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और आत्मसम्मान को स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इतिहास के कई महत्वपूर्ण प्रसंग समय के साथ लोगों की स्मृतियों से धूमिल हो जाते हैं, जबकि इन्हीं घटनाओं ने देश की सभ्यता और सांस्कृतिक पहचान को आकार दिया है।

उन्होंने कहा कि लगभग एक हजार वर्ष पूर्व विदेशी आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर के वैभव को नष्ट करने और उसकी संपदा को लूटने का प्रयास किया, लेकिन समय के साथ वे आक्रांता इतिहास के पन्नों तक सीमित रह गए, जबकि सोमनाथ मंदिर आज भी अपनी भव्यता और आस्था के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आत्मगौरव का प्रतीक है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में निर्मित श्रीराम मंदिर केवल पूजा का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारत जब अपने इतिहास की चर्चा करता है तो वह केवल अतीत को नहीं दोहराता, बल्कि भविष्य को सशक्त बनाने का संकल्प भी लेता है। इतिहास से प्रेरणा लेकर ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव है।

### इतिहास को स्मृतियों में रखकर ही मजबूत भविष्य का निर्माण संभव



#### डिप्टी सीएम ने दी कॉरिडोर की जानकारी

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भोरमदेव मंदिर पर्यटन कॉरिडोर परियोजना की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि 146 करोड़ रुपये की लागत से भोरमदेव कॉरिडोर विकास कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके अंतर्गत मंदिर परिसर, म्यूजियम, मेला स्थल, गार्डन, कांवड़ियों के विश्राम स्थल, मड़वा महल, छेरकी महल तथा सरोदा डैम के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार को अधिकारियों, इंजीनियरों, कंसल्टेंट और ठेकेदारों के साथ परियोजना की नियमित समीक्षा की जा रही है ताकि कार्य समयसीमा में पूर्ण हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि बूढ़ा महादेव परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य भी जारी है, जहां श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की सुविधा के लिए विशाल डोम का निर्माण कराया जा रहा है।

#### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने दी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कवर्धा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बोड़ला, हाई स्कूल बेंदराची तथा रामकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को उपस्थित जनसमूह ने सराहा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ईश्वरी साहू, कैलाश चंद्रवंशी, भगत पटेल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, वीरेंद्र साहू, संतोष पटेल, नंद श्रीवास, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शस्त्र जमा कराने संबंधी आदेश जारी

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा द्वारा नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2026 अंतर्गत नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के अध्यक्ष पद तथा जनपद पंचायत क्षेत्र के रिक्त पंच, सरपंच पदों के निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक आदेश जारी किया गया है। लोक शांति, सार्वजनिक सुरक्षा एवं निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शस्त्रों के संभावित दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) के उपखण्ड (बी) सहपठित धारा 21 के तहत जिला कबीरधाम के नगर पंचायत सहसपुर लोहारा एवं संबंधित जनपद पंचायत क्षेत्र की सीमा में निवासरत समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने-अपने अस्त्र-शस्त्र तत्काल निकटतम पुलिस थाना में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित अनुज्ञप्तिधारी शस्त्र जमा करने के पश्चात संबंधित थाना से उसकी पावती प्राप्त करेंगे। यह आदेश जिले में निवासरत ऐसे अनुज्ञप्तिधारियों पर भी लागू होगा, जिनके शस्त्र अनुज्ञप्ति अन्य जिलों से जारी किए गए हैं।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमति अमरजीत कौर पति सुरेन्द्र पाल छाबड़ा उम्र 49 वर्ष निवासी शांतिदीप कालोनी कवर्धा तह. कवर्धा जिला कबीरधाम के नाम स्वामित्व एवं कब्जे मे खास कवर्धा के राजनांदगाव रोड़ मे रोड़ से लगी प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. कवर्धा तह. कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. मे भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंम्बर 381/5 रकबा 0.25 एकड़/0.101 हेक्टेयर भूमि है जिसमे ठाट होटल संचालित होता था। उक्त भूमि वर्तमान मे किसी भी प्रकार से रहन गहन नहीं है तथा पूर्णतः भारमुक्त है पूर्व मे उक्त भूमि का विक्रय का सौदा का इकरारनामा दौवाराम साहू एवं मुकेश कुमार साहू निवासी ग्राम कापा तह. बोड़ला के साथ निष्पदित किया गया था जिसके अनुसार उक्त सौदे की भूमि का पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 05/11/2025 तक सौदे के क्रेता गण द्वारा सौदे की सम्पूर्ण राशि देकर करवा लिया जाना था परन्तु उक्त इकरारनामा के क्रेतागण निष्पादक दौवाराम साहू एवं मुकेश कुमार साहू द्वारा इकरारनामा में निर्धारित अवधि तक उक्त सौदे की भूमि का पंजीबद्ध विक्रयनामा निष्पादित नही कराया गया और जिससे उक्त भूमि का विक्रय का सौदा इकरारनामा की शर्तो के अनुसार दिनांक 05/11/2025 के पश्चात दिन से रद्द हो गया है तथा वर्तमान मे उक्त भूमि का विक्रय का सौदा किसी अन्य से नहीं किया गया है। कुछ शरारती तत्वो द्वारा लोगो को गुमराह करने के लिए झूठी मनगढंत व अफवाह फैलाकर भूमि को क्रय करने के लिए इच्छुक लोगो को भ्रमित किया जा रहा है जो की गलत व झूठी है जिसके सबंध मे मेरी पक्षकार उक्त अफवाह फैलाने वालो के विरूद्व पृथक से कानूनी कार्यवाही कर रही है तथा थाने मे सूचना भी दे रही है। वर्तमान मे मेरी पक्षकार अमरजीत कौर उक्त भूमि का अपने अनुसार उपयोग उपभोग या किसी अन्यत्र को विक्रय करने के लिए स्वतंत्र है।

अतः इस आम सूचना से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति संस्था अथवा निकाय उक्त पूर्व मे सौदा किये गये दौवाराम साहू एवं मुकेश कुमार साहू से उक्त वर्णित भूमि खसरा नंम्बर के संबध मे किसी प्रकार का सौदा न करे। उक्त भूमि का विक्रय सौदा करने के लिए वर्तमान मे मेरी पक्षकार अमरजीत कौर पति सुरेन्द्र पाल छाबड़ा ही पूर्णतःअधिकृत / हक अधिकारी है।

कवर्धा दिनांक 11/05/2026

अतीत परिहार (अधिवक्ता)
भारतमाता काम्पलेक्स शाप नं. 3 एकता चौक
कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग.
मो.नं. 9755574905


**समस्या:** मुफ्तखोरी की संस्कृति: विकास या विनाश, उठाए जा रहे सवाल

# गावों में जल संरक्षण के लिए सोखता गड्ढे भी अब शासन-प्रशासन के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों जल संरक्षण की दिशा में सोखता गड्ढा निर्माण का अभियान जोर-शोर से चल रहा है। बताया जाता है कि प्रशासन के निर्देश पर ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीणों को अपने घरों के बाहर नहाने-धोने और बर्तनों के गंदे पानी के निस्तारण के लिए 2x2 का गड्ढा खोदने को कहा जा रहा है।

उद्देश्य नेक है, जल स्तर को सुधारना और गंदगी से मुक्ति। लेकिन, इस अभियान के पीछे की कड़वी सच्चाई कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। हैरानी की बात यह है कि जो कार्य ग्रामीणों को अपने स्वयं के हित और स्वास्थ्य के लिए करना चाहिए, उसके लिए भी वे श्रम करने को तैयार नहीं हैं। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,जब लोगों ने स्वयं होकर सोखता गड्ढा बनाने में रुचि नहीं दिखाई तो लक्ष्य पूरा करने के दबाव में अब प्रशासन ने इन गड्ढों को मनरेगा के तहत बनाने के मौखिक निर्देश भी दिए हैं। यानी, अपने ही घर का पानी जमीन के अंदर डालने के लिए भी ग्रामीण अब सरकारी मजदूरों का इंतजार कर रहे हैं। जब ग्रामीण अंचलों में यह व्यवहारिक आदत है कि लोगों द्वारा अपने घरों के निस्तारी के बाद गंदे पानी के लिए सोखता बनाते आ रहे हैं।

#### गलत परंपरा की नींव

विशेषज्ञों और प्रबुद्ध जनों का मानना है कि यह एक गलत परंपरा की शुरुआत है। यदि स्वहित से जुड़े इतने छोटे कार्यों के लिए भी सरकार को आगे आना पड़े, तो वह दिन दूर नहीं जब लोग अपने दरवाजे पर झाड़ू लगाने के लिए भी सरकारी मदद की उम्मीद करेंगे। कड़वा सच तो यह भी है कि मनरेगा, मुफ्त राशन और विभिन्न नकद प्रोत्साहन योजनाओं ने कहीं न कहीं ग्रामीण जनमानस में 'कर्तव्य भाव' को समाप्त कर 'मुफ्तखोरी' की प्रवृत्ति को जन्म दिया है और उन्हें आलसी बना दिया है।



#### कठोर नियमों की आवश्यकता

इस समस्या का समाधान केवल सरकारी खर्च बढ़ाना नहीं, बल्कि जवाबदेही तय करना है।,प्रबुद्ध जनों की ओर से यह सुझाव भी उठ रहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के एस्टीमेट में ही वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य किया जाना चाहिए। ऐसा नियम होना चाहिए कि जो हितग्राही जल संरक्षण के नियमों का पालन न करे, उसकी अंतिम किस्त तब तक रोकी जाए जब तक वह सोखता गड्ढा या हार्वेस्टिंग सिस्टम न बना ले।

#### लोगों को आलसी नहीं आत्म निर्भर बनाना जरूरी

सरकार गरीबों की मदद करे, यह सराहनीय है, लेकिन यह मदद समाज को आत्मनिर्भर बनाने के लिए होनी चाहिए न कि आलसी। यदि समाज में केवल 'अधिकार' की बात होगी और 'कर्तव्य' शून्य हो जाएगा, तो भविष्य में संसाधन सीमित होने पर यही आदत समाज में अराजकता और अनैतिकता को जन्म देगी। प्रशासन को चाहिए कि वह केवल गड्ढों का 'टारगेट' पूरा न करे, बल्कि ग्रामीणों में जन-जागृति और श्रमदान की प्रेरणा जगाए। विकास वही है जो व्यक्ति को अपने पैरों पर खड़ा करे, न कि उसे बैसाखियों का आदी बना दे।

#### कहीं ग्रामीणों द्वारा तो कहीं पंचायतों द्वारा बनाए जा रहे सोखता गड्ढे

जिले की कुछ ग्राम पंचायतों में इसे ग्रामीणों को स्वयं बनाना है वहीं कुछ पंचायतों में रोजगार गारंटी से कराया जा रहा है।

**- श्री दुबे,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, पंडरिया

# कामठी व ताइतिरनी में बोर खनन से बड़ी राहत

- क्षेत्रीय विधायक ने ग्रामीणों की समस्या का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम ताइतिरनी एवं ग्राम कामठी में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से बोर खनन कार्य प्रारंभ कराया गया, जिससे क्षेत्रवासियों में राहत और खुशी का माहौल है।



जानकारी के अनुसार ग्राम ताइतिरनी (महामाया मंदिर के पास), ग्राम पंचायत दमगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई थी। गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक विकट हो जाती थी, जिसके कारण ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पेयजल संकट का असर पशुपालन एवं कृषि कार्यों पर भी पड़ रहा था।

ग्रामीणों ने इस समस्या से विधायक भावना बोहरा को अवगत कराया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोर खनन कार्य की स्वीकृति प्रदान की। इसके बाद संबंधित विभाग द्वारा गांव में बोर खनन कार्य शुरू कराया गया, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

ग्रामीणों ने बताया कि बोर खनन कार्य पूरा होने से अब आने वाले दिनों में पेयजल आपूर्ति की समस्या काफी हद तक दूर होने की उम्मीद है। गांव में इस कार्य को लेकर उत्साह और संतोष का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि संतराम मुस्कुले, कुकदूर मंडल अध्यक्ष बसंत वाटिया, विधायक प्रतिनिधि रामगोपाल ओट्टी, मोहित यादव, द्वारिका प्रसाद, ईश्वर परस्ते सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पेयजल समस्या के त्वरित समाधान हेतु विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नगरीय निकाय उप निर्वाचन के तहत जिले में धारा 144 लागू

- कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2026 के तहत कबीरधाम जिला अंतर्गत नगर पंचायत स. लोहारा में अध्यक्ष पद तथा जनपद पंचायत क्षेत्र के रिक्त पंच एवं सरपंच पदों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई जानी है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने निर्वाचन अवधि के दौरान संबंधित क्षेत्रों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया गया है कि निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित क्षेत्रों में कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 2(1) में वर्णित अस्त्र-शस्त्र एवं विस्फोटक सामग्री जैसे बन्दूक, रायफल, पिस्तौल, भाला, बल्लम, बर्छा, लाठी अथवा अन्य हथियार लेकर नहीं घूमेगा तथा न ही उनका परिवहन करेगा। जारी आदेश के अनुसार आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डनीय होगा।

यह आदेश पुलिस, सीआरपीएफ, एसएएफ तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में तैनात शासकीय कर्मियों पर लागू नहीं होगा। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है तथा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रभावशील रहेगा। आदेश की अवहेलना करने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### प्रदेशवासियों के सुख शांति व समृद्धि की कामना ...



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर में उप मुख्मंत्री विजय शर्मा ने की पूजा अर्चना व जलाभिषेक।

# अवकाश के दिनों में भी जिले के सभी कार्यालय खोलने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा द्वारा नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 की निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ होने तथा मतदान तिथि घोषित किए जाने के परिप्रेक्ष्य में जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।



जारी आदेशानुसार कबीरधाम जिले के सभी कार्यालय अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। साथ ही अवकाश के दिनों में कार्यालय अवधि समाप्ति के पश्चात निर्वाचन संबंधी डाक प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निवास का पूर्ण पता तथा दूरभाष संबंधी जानकारी कार्यालय में संधारित रखें, ताकि निर्वाचन संबंधी डाक की तामिली एवं अन्य आवश्यक कार्य किसी भी समय सुचारु रूप से संपादित किए जा सकें।

इसके अतिरिक्त समस्त अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे जब भी शासकीय कार्य से जिला मुख्यालय स्थित किसी कार्यालय में आएं, तब सहायक अधीक्षक एवं अधीक्षक जिला कार्यालय से संपर्क कर निर्वाचन संबंधी डाक प्राप्त करना सुनिश्चित करें। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

**15 जून से शुरू होगा नया शैक्षणिक सत्र, कई स्कूल भवनो की हालत खस्ता**

# नए शिक्षा सत्र पूर्व स्कूल भवनों में मरम्मत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

जिले में नया शैक्षणिक सत्र 15 जून से प्रारंभ होने जा रहा है, लेकिन इससे पहले सरकारी स्कूल भवनों की बदहाल स्थिति को लेकर शासन-प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग की उदासीनता चिंता का विषय बनी हुई है।

ग्रीष्मकालीन अवकाश का आधा समय बीत चुका है, बावजूद इसके जिले के जर्जर और खस्ताहाल स्कूल भवनों की मरम्मत की दिशा में कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। ऐसे में आशंका है कि नए सत्र में भी विद्यार्थियों को उन्हीं समस्याओं और जोखिमों के बीच पढ़ाई करनी पड़ेगी, जिनका सामना वे पिछले वर्षों से करते आ रहे हैं। जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल तक दर्जनों सरकारी स्कूल भवन मरम्मत की बाट जोह रहे हैं। कई स्कूलों की दीवारों का प्लास्टर उखड़ चुका है, खिड़कियां और फर्श टूट-फूट की स्थिति में हैं, जबकि कुछ भवन इतने जर्जर हो चुके हैं कि वहां पढ़ाई करना बच्चों के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है।

विकासखंड पंडरिया के बाहपानी, कुशयरी, महिडबरा, हथिगुड़ान, मजगांव, पंडरीपानी, सेमहरा, कांदावानी, छीरपानी, जगखनाडीह, रोखनी, तेलियापानी, लेदरा, अधचरा, भेलकी, देवानपटपर, बोहिल, गभोड़ा, बिरकोना, चियाडॉढ़, आगरपानी, फिफलीपानी और भेढ़ागढ़ जैसे कई गांवों के स्कूल मरम्मत योग्य स्थिति में हैं। यही हाल बोड़ला, सहसपुर लोहारा और कवर्धा विकासखंड के कई ग्रामीण क्षेत्रों का भी है।



#### उधारी के भवनों में लग रही कक्षाएं

जिले में कई ऐसे सरकारी स्कूल भी हैं जिनके भवन पूरी तरह अनुपयोगी हो चुके हैं। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए इन स्कूलों का संचालन पंचायत भवन, सामुदायिक भवन या अन्य स्कूलों में किया जा रहा है। पंडरिया विकासखंड के भेलकी और लोखान जैसे गांवों में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाएं वर्तमान में पंचायत भवनों में संचालित हो रही हैं। शिक्षा विशेषज्ञों और अभिभावकों का कहना है कि शासन-प्रशासन को नए शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले स्कूल भवनों की स्थिति का गंभीरता से आंकलन कर तत्काल मरम्मत और नए भवनों की स्वीकृति सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

#### मरम्मत के नाम पर मिलती है नाममात्र की राशि

स्कूल प्राचार्यों के अनुसार शासन द्वारा हर वर्ष शाला मरम्मत और स्टेशनरी के लिए राशि आबंटित की जाती है, लेकिन यह राशि इतनी कम होती है कि उससे केवल छोटी-मोटी जरूरतें ही पूरी हो पाती हैं। कई प्राचार्यों ने बताया कि इस बार दो वर्षों बाद उन्हें मात्र 10 हजार रुपये की राशि मिली है, जिससे बड़े पैमाने पर मरम्मत कराना संभव नहीं है।

# रेडक्रॉस दिवस पर लोहारा कॉलेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स. लोहारा

शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में रेड क्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा उपस्थित रहे।



महाविद्यालय के लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें रक्त अल्पता, सिकल सेल, एचपीवी वैक्सीन, मौसमी बीमारियां, दृष्टि दोष आदि बीमारियों के विषय में जांच कर दवाइयां वितरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा से डॉ. ज्ञान दास मानिकपुरी, डॉ, विपिन कुमार कोसले, डॉ प्रियंका सिंह, लक्ष्मी नारायण साहू, अहिल्या वैष्णव, नेहरू साहू, निशु श्रीवास उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्वच्छता जागरूकता हेतु रंगोली, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ केएस परिहार, श्रीमती मोना बर्मन, संदीप कुमार सोनकर, दीपक पटेल, गौरव जयसवाल, सुश्री अंजू महोबिया, सुश्री काजल साहू, डॉ ज्योति चंद्रवंशी, डॉ, खिलेश्वरी चंद्रवंशी, विवेक चौहान, श्रीमती आभा जोशी, डॉ रुपेश कुमार वर्मा, लक्ष्मीकांत वर्मा, आशीष वर्मा, गिरधारी वर्मा व महाविद्यालय के रेड क्रॉस, रेड रिबन, एनएसएस, एनसीसी, तथा समस्त छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पुरुष के मुकाबले महिला मतदाता की संख्या अधिक, दस वार्डों में तय करेगी जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर पंचायत घुमका में चुनावी बिगुल बज चुका है। आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो जाएगी। इस बार के चुनाव में सबसे दिलचस्प पहलू यहां का मतदाता समीकरण है, जहां पुरूष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं का दबदबा साफ नजर आ रहा है।

घुमका की सत्ता की चाबी इस बार महिलाओं के हाथों में रहने वाली है। नपं के 15 में से दस वार्ड में महिला मतदाता अधिक संख्या में है। इधर दोनों ही दलों ने भी प्रत्याशी चयन के लिए बैठकें शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार जहां कांग्रेस ने अपनी पहली बैठक शनिवार को आयोजित की थी। वहीं भाजपा भी आज या कल बैठक कर प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकती है। ज्ञात हो कि आज से शुरू होने जा रहे नामांकन की अंतिम तिथि 19 मई तय है। ऐसे में जल्द से जल्द प्रत्याशी चयन करना दोनों ही प्रमुख दलों के लिए जरूरी हो गया है। प्रशासनिक तैयारियों के बीच आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। महिला प्रधान मतदाता वाले इन वार्डों में राजनीतिक दल भी अब महिला केंद्रित मुद्दों और महिला प्रत्याशियों पर दांव लगाने की रणनीति बना रहे हैं। देखना होगा कि घुमका की जनता किसे अपना प्रतिनिधि चुनकर परिषद भेजती है।

## वार्ड नंबर 13 में सर्वाधिक 325 मतदाता, वार्ड क्रमांक तीन में महज 114 वोटर

### आज से नामांकन की जंग

घुमका नगर पंचायत को लेकर आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही सभी वार्डों में संभावित उम्मीदवारों में हलचल तेज होते देखी जाएगी। घुमका स्थित तहसील कार्यालय में नामांकन फार्म जमा किए जाएंगे। महिला प्रधान मतदाता सूची और आरक्षण की स्थिति को देखते यह स्पष्ट है कि इस बार नगर पंचायत की सरकार बनाने में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होगी।




### पांच वार्ड में पुरूष वोटर अधिक

घुमका नगर पंचायत में कुल 3197 मतदाता शामिल हैं। इनमें 1573 पुरूष मतदाता शामिल हैं। जबकि महिला वोटर्स की संख्या पुरूष से अधिक है। घुमका के 15 वार्ड में कुल 1624 महिलाएं मतदाता के रुप में पंजीकृत है। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि यहां महिलाओं के हाथों में ही सत्ता की चॉबी है। वहीं दस वार्ड ऐसे हैं, जहां पुरूष से अधिक महिला मतदाता है। केवल वार्ड क्रमांक 2, 5, 6, 8 और 9 में ही पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक है।

| वार्ड | वार्ड का नाम | आरक्षण श्रेणी | मतदाता |
|---|---|---|---|
| 1 | शीतला माता वार्ड | अपिवर्ग (महिला) | 250 |
| 2 | स्व.चिंताप्रसाद, स्व.बेनीप्रसाद वार्ड | अनारक्षित | 316 |
| 3 | गुरु घासीदास वार्ड | अनारक्षित | 114 |
| 4 | ठाकुरदेव वार्ड | अपिवर्ग (अनारक्षित) | 232 |
| 5 | देवरीडीह वार्ड | अनारक्षित | 254 |
| 6 | महाराणा प्रताप वार्ड | अनारक्षित | 126 |
| 7 | महात्मा गांधी वार्ड | अपिवर्ग (अनारक्षित) | 153 |
| 8 | अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड | अपिवर्ग (अनारक्षित) | 263 |
| 9 | बजरंग वार्ड | अपिवर्ग (महिला) | 265 |
| 10 | लालबहादुर शास्त्री वार्ड | अनारक्षित | 116 |
| 11 | रानी अवंतीबाई वार्ड | अपिवर्ग (अनारक्षित) | 167 |
| 12 | चंडी माता वार्ड | अनारक्षित (महिला) | 128 |
| 13 | सुभाषचंद्र बोस वार्ड | अनारक्षित (महिला) | 325 |
| 14 | मिनीमाता वार्ड | अनुसूचित जाति | 200 |
| 15 | विजय स्मारक वार्ड | अनारक्षित महिला | 288 |

## सार समाचार

### समर कैम्प का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा निःशुल्क समर कैंप की शुरूआत सोमवार से की गई। जिसमें टेबल टेनिस, शतरंज, व पूल टेबल गेम बच्चों को सिखाया जा रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, महापौर मधुसूदन यादव, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, दिग्विजय समिति सचिव रमेश पटेल, सह-सचिव योगेश बागड़ी, वरिष्ठ नेता रघुवीर वाधवा, नगर निगम चैयरमैन सावन वर्मा, गोलू सूर्यवंशी, मनोज बैद, पार्षद रानू जैन, पार्षद प्रियंका कुरेंजकर तथा अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों की उपस्थिति में खूबचंद पारख व मधुसूदन यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया।



### लालबाग में निरंकारी बाल समागम आयोजित

**राजनांदगांव।** संत निरंकारी सत्संग भवन लालबाग सिंधी कॉलोनी में 31वां निरंकारी बाल समागम का आयोजन संयोजक स्तर पर किया गया। इस आयोजन में 10 मई को रायपुर से पधारी प्रियल शाजीदा ने कहा कि अभी-अभी एक बहन ने कहा कि प्रियल रायपुर से आकर हमें आशीर्वाद देगी, पर ऐसा नहीं है, मैं आशीर्वाद देने नहीं आप लोगों से आशीर्वाद लेने आई हूं। निरंकारी बाल समागम में बच्चों से अपनी प्रतिभा के माध्यम से आध्यिमिक मूल्यों का सुंदर संदेश दिया। गीत, नृत्य एवं नाटक के जरिये बच्चों ने विनम्रता, समर्पण, शुक्रराना, सहनशीलता एवं सद्भावना जैसे मानवीय गुणों को जीवंत प्रस्तुत कर जनसमूह को भावविभोर कर दिया।



## नेशनल लोक अदालत में निपटे विभिन्न मामले

# 2 लाख 64 हजार प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान तथा मुख्य संरक्षक व मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के दिशा-निर्देशन और प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार होता के निर्देशन में वर्चुअल और भौतिक मोड में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत में राजनांदगांव, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में न्यायालय में लंबित, राजस्व न्यायालय एवं प्री-लिटिगेशन के 2 लाख 63 हजार 133 प्रकरणों को निराकरण के लिए चिन्हित किया गया है। नेशनल लोक अदालत आयोजित करने के लिए कुल 44 खंडपीठों का गठन किया गया। आयोजित लोक अदालत में 2 लख 64 हजार 739 मामलों का सफलतापूर्वक निपटान किया गया। जिसमें कुल 263133 मामले प्री-लिटिगेशन चरण के थे और 3162 मामले ऐसे थे, जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे। निपटान राशि लगभग 31 अरब 11 करोड़ 56 लाख 70 हजार 937 रुपए थी। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित मामले, धारा-138 एनआई एक्ट से संबंधित मामले अर्थात चेक से संबंधित मामले, वैवाहिक विवाद के मामले, श्रम विवाद के मामले, बैंक ऋण वसूली वाद, रुपए वसूली वाद, नगर निगम से संबंधित कर वसूली मामले, विद्युत बिल एवं टेलीफोन बिल के मामले, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, राजस्व न्यायालय के मामले एवं अन्य राजीनामा योग्य वाद से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई।






### कर्ज से मिली मुक्ति

जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता के न्यायालय में अनावेदक अनुज राम पिता- फुलसिंग वर्मा पता बोरीमंडला खैरागढ़ के विरूद्ध बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पदुमतरा जिला राजनांदगांव द्वारा प्री-लिटिगेशन वाद अनावेदक से 452991 रुपए की वसूली हेतु प्रस्तुत किया गया। उभयपक्ष के मध्य उपरोक्त राशि के एवज में समझौते के आधार पर 217000 रुपए नगदी के हस्तांतरण उपरांत प्रकरण को आपसी सुलह समझौते के आधार पर लोक अदालत के माध्यम से लंबे समय से चले आ रहे लंबित प्रकरण का निराकरण किया गया।

### विचाराधीन बंदी के प्रकरण का पटाक्षेप

मामला खंडपीठ क्रमांक 5 पीठासीन अधिकारी व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव अमिता जायसवाल के न्यायालय का है। प्रकरण में प्रार्थी राजेश मेश्राम द्वारा अपनी मोटर सायकल चोरी होने के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध दर्ज कराई गई थी। अनुसंधान कार्रवाई के दौरान चोरीशुदा मोटर साइकिल थाना आमागांव जिला गोदिया महाराष्ट्र से बरामद की गई है और अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## युगांतर में मना मदर्स-डे




**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में प्राचार्य मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी द्वारा गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल मदर्स-डे मनाया गया।

इस आयोजन में बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते मधुर गीतों, आकर्षक प्रस्तुतियों एवं रचनात्मक गतिविधियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। यह आयोजन मनोरंजन, सीख और आनंद से भरपूर रहा। जिसमें विभिन्न रोचक खेलों और बाल-सुलभ गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। लंबे समय बाद बच्चों से संवाद कर हेड मिस्ट्रेस ने विशेष खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम में टी. विशाल ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया। वहीं अभिलाषा सिंह ने मनमोहक नृत्य से सभी का दिल जीत लिया। शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ कई रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियां कराई।

# जनगणना के साथ बच्चों को सरकारी स्कूल से जोड़ने की जा रही पहल

**राजनांदगांव।** भारत की जनगणना 2026-27 के प्रथम चरण में मकान की सूचीकरण एवं मकानों का कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक की अवधि में पूर्ण किया जाना है, जिस हेतु ग्राम टेडेसरा के सुपरवाइजर विकास वासनिक के नेतृत्व में छह प्रगणक अपना-अपना कार्य तत्परता से कर रहे हैं। जनगणना के तहत प्रगणक घर-घर जाकर 34 प्रश्नों के जवाब पूछ रहे हैं। जिसमें मुखिया का नाम, शौचालय की व्यवस्था, नल की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, मकान की जानकारी, एलपीजी कनेक्शन की सुविधा, नालियों की जानकारी, वाहनों की जानकारी सहित अन्य प्रश्न शामिल हैं। इन जानकारी को एप के माध्यम से डिजिटलीकरण द्वारा फीड किया जा रहा है।

इसी बीच एक शिक्षिका की जनगणना में ड्यूटी लगने से वह जनगणना कार्य करने के साथ ही शिक्षा को लेकर भी जागरूकता फैला रही है। श्रीमती पारूल चतुर्वेदी वर्ष 2005 से लगातार अपनी सेवा अंग्रेजी विषय की शिक्षिका के रूप में दे रही है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते 2017 में मुख्यमंत्री पुरस्कार और 2023 में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त किया है। अब वह जनगणना में प्रगणक के रूप में अपनी ड्यूटी करते हुए गांव में घूम-घूम कर जनगणना के साथ गांव के बच्चों को सरकारी स्कूल से जोड़ने का प्रयास भी कर रही है। उन्होंने बताया कि गांव में ऐसे बहुत से बच्चे हैं, जो गांव के प्राइवेट स्कूल में जाते हैं, वह पालकों को सरकारी विद्यालय के लिए योजनाओं को समझा रही है। सरकारी स्कूल में बच्चों को निःशुल्क गणेश, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था, अच्छी पढ़ाई, विभिन्न प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारी और साथ ही संगीत की शिक्षा भी दी जा रही है।



## बोरी में 30 पौवा रखी शराब जब्त

**राजनांदगांव।** प्लास्टिक बोरे में अवैध रूप से शराब रखने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 30 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबीर द्वारा बताए व्यक्ति को चिन्हांकित कर पूछताछ करने पर अपना नाम रूपचंद पारधी 52 साल निवासी ग्राम मोहड का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें सफेद रंग प्लास्टिक बोरी की तलाशी लेने पर शराब रखा होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से रखे 30 पौवा देशी प्लेन शराब सवा शेरा कीमती 2400 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया है।

# महिला अधिकारी से बदसलूकी, जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के छुईखदान ब्लॉक में बड़े पद पर काबिज महिला अधिकारी से बदसलूकी, छेड़छाड़ की नीयत से भद्दे कमेंट करना और घर तक पीछा करना जनपद सदस्य को भारी पड़ गया। पुलिस गिरफ्तारी से बचने लगातार एक महीने से फरार चल रहे उक्त जनपद सदस्य की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने भी खारिज कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल महीने के शुरूआत में उक्त जनपद सदस्य के खिलाफ महिला अधिकारी ने छुईखदान थाना में नामजद आवेदन देकर गंदी टिप्पणी करने, घर तक पीछा करने जैसे गंभीर आरोप लगाकर सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की थी। विवेचना बाद आरोपों की पुष्टि होने पर उक्त आरोपी जनपद सदस्य के खिलाफ थाना में महिला अपराध से संबंधित आधा दर्जन के आसपास संज्ञेय धाराओं मे मामला पंजीबद्ध किया गया है। अपराध पंजीबद्ध होने की जानकारी होने के बाद पहले जनपद सदस्य ने स्थानीय तौर पर काफी हाथ-पैर मारकर मामले में समझौता और रफा-दफा करने का प्रयास किया, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया और तब से आरोपी गिरफ्तारी से बचने इधर-उधर छिपते घूम रहा है। इस बीच पता चला है कि हाईकोर्ट ने भी उसकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। जिसके चलते गिरफ्तारी की तलवार आरोपी पर लटक रही है।

### पदस्थापना के बाद से पड़ा था पीछे

जनपद सदस्य की हरकतों से पीड़ित महिला अधिकारी ने पुलिस को बताया कि बीते छह महीने से उक्त आरोपी भद्दे कमेंट करता आ रहा था। चेंबर में आकर चपरासी को बाहर भेजने, पुराने अधिकारी का हाल-बेहाल करने की बात कहते शारीरिक संबंध बनाने दबाव डालता था। महिला अधिकारी ने बताया कि जनपद सदस्य फोन कर परेशान करता था तो उसने नंबर ब्लॉक कर दिया, लेकिन इस बात को लेकर उसने वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत कर दी कि वो फोन नहीं उठाती। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि ऑफिस का काम निपटाकर घर जाते समय वो रास्ते भर पीछा करता था और घर का हुलिया बताकर डराता था। पीड़िता ने बताया कि महिला और उच्च पद की अधिकारी होने के कारण लोक लाज के भय उसने शुरूआती दौर में इसे गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन जब आरोपी जनपद सदस्य की गंदी हरकतें हद से पार हो गई तो संकोच को त्यागकर वो शिकायत लेकर थाना आई।

### महिलाओं की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल

जिले के छुईखदान ब्लॉक में एक बड़े विभाग की सबसे बड़ी महिला अधिकारी के साथ हुई इस अशोभनीय घटना को लेकर दर्जनों सवाल उठने लगा है, जब विभाग की सर्वे सर्वा अधिकारी के साथ बदसलूकी हो सकती है तो सामान्य कामकाजी महिलाओं को कार्यस्थल पर किन हालातों का सामना करना पड़ता होगा। पीड़ित अधिकारी के साथ इस प्रकार की घटना को लेकर आम लोगों में इस बात की जबर्दस्त चर्चा है कि जब कार्यस्थल में हमेशा लोगों के बीच खड़ी रहने वाली अधिकारी के साथ बदसलूकी की घटना सिर्फ निंदनीय नहीं है, बल्कि महिलाओं के मान-सम्मान और सुरक्षा को लेकर शासन-प्रशासन को कड़े कदम उठाने इंगित करने वाली है। पता चला है कि उक्त जनपद सदस्य प्रदेश में काबिज पार्टी की सरकार के प्रतिनिधि के रूप में चुनकर आया है।

# पुलिया क्षतिग्रस्त : बाइक सहित गिरने से युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सरकार की उदासीनता से जा रही लोगों की जान, जिन क्षेत्र से खनिज न्यास मद की प्राप्ति हो रही वो क्षेत्र आज भी पुल-पुलिया जैसे मूलभूत सुविधाओं के लिए अछूता है। जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी में खड़गांव के माइनिंग क्षेत्र जक्के में वर्षो से जर्जर पड़ी पुलिया एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। रविवार शाम खरदी बाजार से वापस लौट रहे कोहका निवासी बृजलाल बोगा की क्षतिग्रस्त पुलिया में बाइक सहित नीचे गिरने से मौत हो गई। घटना लगभग शाम 7 बजे की है। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बताया जा रहा है कि बृजलाल बोगा रविवार रात बाजार से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पदभर्री-जक्के के बीच स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया पार करते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बाइक भी पुलिया के नीचे क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी मिली। मृतक रातभर से पुलिया के नीचे रहा। सुबह ग्रामीणों ने देखा। जिसकी सूचना खड़गांव थाना में दी गई।

ग्रामीणों का कहना है कि यह पुलिया लंबे समय से टूटी और खतरनाक स्थिति में है। हर वर्ष यहां दुर्घटनाएं होती रहती है और कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। बावजूद इसके अब तक पुलिया निर्माण या मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया गया। उच्च अधिकारियों और नेताओं ने मौके का निरीक्षण भी किया, लेकिन आज तक पुलिया निर्माण नहीं हो पाया है।



### पुलिस निर्माण की उठी मांग

जक्के पंचायत सरपंच अजीत बोगा ने बताया कि रात के अंधेरे में क्षतिग्रस्त पुलिया से बाइक उछलकर नीचे गिर गई। इस वजह से मौके पर मृतक की मौत हो गई है। पूर्व में वन विभाग के माध्यम से पुलिया का निर्माण हुआ था। क्षतिग्रस्त होने के बाद अनेक बार प्रशासन को आवेदन दिया गया था। जक्के-पदभर्री पुलिया के बारे में डीएमएफ बैठक में बात रखी गई थी। प्रशासन ने जानकारी दी कि पुलिया की स्वीकृति हो चुकी है। बारिश के बाद निर्माण चालू होगी। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। लोगों ने जल्द से जल्द पुलिया निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया की मरम्मत या नया निर्माण कराया गया होता, तो आज एक व्यक्ति की जान बच सकती थी।

## निःशुल्क स्पीच थेरेपी मेगा शिविर 14 से

**राजनांदगांव।** बच्चों एवं युवाओं में बढ़ती तुतलाहट, हकलाहट एवं वाणी दोष की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से अग्रवाल सभा द्वारा निःशुल्क स्पीच थेरेपी मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 14 से 17 मई तक अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड के पीछे राजनांदगांव में आयोजित होगा। शिविर में रायपुर के प्रसिद्ध स्पीच विशेषज्ञ सत्यनारायण मित्तल द्वारा बच्चों एवं युवाओं की जांच कर आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धति से उपचार एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। आयोजक अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल ने बताया कि शिविर में वाणी दोष, तुतलाहट, हकलाहट जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। अग्रवाल सभा के आलोक बिंदल, अशोक अग्रवाल, महिला मंडल की मंजू खोखरिया, रेखा अग्रवाल एवं नवयुवक मंडल के हर्ष लोहिया व सूरज अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 3 वर्ष से 40 वर्ष तक के लोगों का परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों की समस्या के अनुसार थेरेपी एवं अभ्यास बताए जाएंगे।

## प्राचार्य व व्याख्याताओं को विदाई




**राजनांदगांव।** शासकीय उ. मा. शाला हरदी से शैक्षणिक सत्र के अंतिम दिन प्राचार्य सहित तीन व्याख्याताओं को शासकीय सेवा अवधि पूर्ण होने पर बिदाई दी गई। शाला में पदस्थ प्राचार्य डीआर जंघेल, व्याख्याता अमित शर्मा, गीता साहू तथा पूर्व मा.शाला में पदस्थ निवेदिता झा की बिदाई का कार्यक्रम शाला के असेम्बली हॉल में आयोजित किया गया। जिसमें प्राचार्य सहित शिक्षकों ने शैक्षणिक जीवन सहित अविस्मरणीय संस्मरणों का उल्लेख किया। साथ ही पदस्थ शिक्षकों और अतिथियों को जिम्मेदारियों के ईमानदारी से निर्वहन का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आरंभ वरिष्ठ व्याख्याता आरके मिश्रा व कमल नारायण सिंह द्वारा स्वागत उपरांत पदस्थ शिक्षकों प्रधान पाठिका श्रीमती झा सहित बबीता झा, यामिनी साहू, सुषमा ठाकुर, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी, चम्पेश्वर सांगिया, टीके वर्मा, सुनील चंद्राकर, देवश्री साहू, चंद्रवती कुंजाम, इंदरचंद वर्मा, भेगराज गंजीर, अभिषेक ताम्रकार, दिनेश देशमुख ने सेवानिवृत्त प्राचार्य व शिक्षकों के साथ बिताए गए समय व घटनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में स्मृति चिन्ह सहित उपहार प्रदान कर अतिथियों को सम्मानित किया गया।

# आधुनिक आवासीय कॉलोनी का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- न्याय व्यवस्था को अधिक सक्षम बनाने में बेहतर अधोसंरचना जरूरी



छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा है कि न्यायिक कर्मचारियों के लिए समुचित एवं आधुनिक आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना न्यायिक व्यवस्था को अधिक सक्षम, प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

सोमवार को पेंड्री स्थित न्यायिक कर्मचारियों की आवासीय कॉलोनी का लोकार्पण माननीय मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नरेन्द्र कुमार व्यास वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। मुख्य न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि उच्च न्यायालय राज्य की समस्त जिला न्यायपालिका को सर्वोत्तम अधोसंरचना उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य एवं आवासीय वातावरण मिलने से न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी अधिक दक्षता और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकते हैं। जिससे न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी और पक्षकारों को गुणवत्तापूर्ण न्याय सुलभ होगा। न्यायपालिका की अधोसंरचना केवल न्यायालय भवनों तक सीमित नहीं है, बल्कि न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों के कल्याण से जुड़ी सुविधाओं का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस कालोनी में कुल 81 आवासीय क्वार्टर, जी-टाइप – 13 आवास, एच-टाइप – 41 आवास, आई-टाइप–27 आवास, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। इस अवसर पर उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारीगण, जिला न्यायालय राजनांदगांव के न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता, प्रशासनिक अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### निर्माण एजेंसियों की सराहना

मुख्य न्यायाधीश ने निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं एजेंसियों की सराहना करते कहा कि यह पहल न्यायपालिका को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कर्मचारियों से आवासों का रखरखाव अपने घर की तरह करने का आग्रह भी किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव के स्वागत भाषण से हुई तथा समापन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



अनदेखी: शासन की निगरानी कमजोर, मजबूरी में महंगा खरीद रहे किसान

# खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान निजी दुकानों से खाद खरीदने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को खेती-किसानी के सीजन में खाद की समस्या से जूझना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि निजी कृषि दुकानों में यूरिया और राखड़ खाद को जोड़ी बनाकर मनमाने दामों में बेचा जा रहा है। खुलेआम 267 रुपए की यूरिया खाद को 500 रुपए तक तथा राखड़ के साथ जोड़कर 1000 से 1100 रुपए में किसानों को खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा नियमित जांच और कार्रवाई नहीं किए जाने से निजी कृषि दुकानदारों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है।

ग्रामीण किसानों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि खेती के इस महत्वपूर्ण समय में खाद की आवश्यकता अधिक रहती है। ऐसे में मजबूरीवश उन्हें निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदना पड़ रहा है। कई किसानों ने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में उधारी व्यवस्था के कारण दुकानदारों से संबंध बनाए रखना पड़ता है, इसलिए अधिकांश किसान खुलकर विरोध नहीं कर पाते। किसानों में यह डर भी बना रहता है कि शिकायत करने पर भविष्य में उन्हें खाद मिलने में परेशानी हो सकती है।

किसानों का कहना है कि शासन-प्रशासन की ओर से यदि नियमित मॉनिटरिंग और जांच अभियान चलाया जाए तो इस प्रकार की कालाबाजारी पर रोक लग सकती है। वर्तमान में कई निजी कृषि केंद्रों में खाद को पैकेज बनाकर बेचे जाने की शिकायत लगातार सामने आ रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से किसानों में नाराजगी बढ़ रही है। मिली जानकारी के अनुसार सरकारी समितियों में खाद निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जाता है। वर्तमान में यूरिया का सरकारी रेट 267 रुपए, राखड़ 510 रुपए, डीएपी 1450 रुपए तथा पोटाश 1050 से 1700 रुपए तक निर्धारित है।

इसके बावजूद निजी दुकानों में किसानों से अधिक राशि वसूली जा रही है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि कृषि विभाग द्वारा निजी दुकानों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके।

### शिकायत से डर रहे किसान, उधारी व्यवस्था बनी मजबूरी



ग्रामीण क्षेत्रों के कई किसान खाद की कालाबाजारी को लेकर खुलकर सामने नहीं आ पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि गांवों में अधिकांश किसान निजी दुकानदारों से उधारी में खाद और कृषि सामग्री लेते हैं, जिसके कारण विरोध या शिकायत करने से बचते हैं। किसानों को डर रहता है कि शिकायत करने पर भविष्य में उन्हें खाद मिलने में परेशानी हो सकती है। किसानों ने बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा नियमित मॉनिटरिंग और जांच नहीं होने से निजी कृषि दुकानदारों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। किसानों का आरोप है कि कई जगहों पर यूरिया और राखड़ को जबरन जोड़ी बनाकर बेचा जा रहा है। किसानों ने कृषि विभाग से लगातार जांच अभियान चलाकर दोषी दुकानदारों पर कार्यवाही की मांग की है।

### सरकारी दर से दोगुनी कीमत पर बिक रही यूरिया, राखड़ खाद को यूरिया के साथ जोड़कर 1100 में दे रहे है

पंडरिया विकासखंड सहित ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को खाद के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। किसानों के अनुसार सरकारी समितियों में 267 रुपए में मिलने वाली यूरिया निजी कृषि दुकानों में 500 रुपए तक बेची जा रही है। वहीं राखड़ खाद को यूरिया के साथ जोड़कर 1000 से 1100 रुपए तक में किसानों को दिया जा रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि कई दुकानदार जरूरत का फायदा उठाकर मनमाने दाम वसूल रहे हैं। जानकारी के अनुसार सरकारी समितियों में यूरिया 267 रुपए, राकड़ 510 रुपए, डीएपी 1450 रुपए तथा पोटाश 1050 से 1700 रुपए तक निर्धारित दर पर उपलब्ध है। इसके बावजूद निजी दुकानों में अधिक कीमत वसूले जाने से किसानों में नाराजगी बढ़ रही है। किसानों ने प्रशासन से निजी दुकानों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर निर्माण कार्यों की समीक्षा

- बेस स्ट्रक्चर का काम प्राथमिकता के साथ समय सीमा में पूरा करें निर्माण एजेंसीज : गृहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के भोरमदेव मंदिर परिसर में निर्माणाधीन कॉरिडोर का निर्माण कार्य जारी है। कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी निर्माण एजेंसियों और ठेकेदारों को बेस स्ट्रक्चर के कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना के सभी हिस्सों में ग्राउंड वर्क और मूलभूत निर्माण कार्य तय समय-सीमा के भीतर पूरे होना चाहिए।



भोरमदेव मंदिर प्रांगण में आयोजित समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री ने पिछली बैठक के बाद से प्रत्येक सोमवार को हो रही प्रोग्रेस मॉनिटरिंग की कार्यवाही, फील्ड पर हुए कार्य और आगामी कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी और इसके लिए ठेकेदारों को पर्याप्त मैन पावर एवं मशीनरी तैनात करनी होगी। बैठक में पर्यटन विभाग के इंजीनियरों को निर्देश दिए गए कि वे निर्माण एजेंसियों को सभी तकनीकी पहलुओं में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं, ताकि कार्य की गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित की जा सके। समीक्षा के दौरान मंदिर परिसर, सरोवर, मड़वा महल, छेरकी महल तथा सरोदा डैम से जुड़े निर्माण कार्यों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री ने आगामी बारिश को ध्यान में रखते हुए सरोवर क्षेत्र में कार्यों की योजना बनाने के निर्देश दिए। वहीं सरोदा डैम स्थित प्रस्तावित कैफेटेरिया को व्यू पॉइंट के रूप में विकसित करने तथा वहां पर्यटकों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पर्यटन कॉरिडोर के खंभों, दीवारों और प्रवेश द्वारों में फणी नागवंशी स्थापत्य शैली की कलाकृतियों को प्रमुखता से शामिल किया जाए, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक प्राचीन स्थापत्य परंपरा का अनुभव कर सकें। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को इस विषय में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

# मरम्मत के एक साल बाद ही उखड़ने लगी सड़क, गड्ढों से राहगीर परेशान

- राम्हेपुर कला से चंदनपुर मार्ग की बदहाल स्थिति, गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राम्हेपुर कला से चंदनपुर जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क योजना (पीएम सड़क) की हालत एक बार फिर खराब होने लगी है। सड़क का मरम्मत कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व ठेकेदार द्वारा कराया गया था, लेकिन वर्तमान में सड़क की डामर परत कई स्थानों पर उखड़ चुकी है और जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं।

इससे ग्रामीणों एवं राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के दिनों में सड़क से डामर उखड़ने के बाद गिट्टी, पत्थर और धूल उड़ रही है, जिससे राहगीरों के साथ-साथ आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।

वहीं बारिश शुरू होते ही सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो जाती है। कई जगहों पर सड़क धंसने लगती है और गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखा गया होता तो इतनी जल्दी सड़क की स्थिति खराब नहीं होती। सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही के साथ लगातार बारिश के कारण निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पोल खुलती नजर आ रही है। अब स्थिति यह है कि चारपहिया वाहनों का आवागमन भी प्रभावित होने लगा है।



### सड़क किनारे साफ-सफाई कार्य की मांग

सड़क किनारे शोल्डर की सफाई नहीं होने से बरसात के दिनों में खरपतवार और कांटेदार झाड़ियां उग आती हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सड़क के गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा सड़क किनारे सफाई कार्य भी कराया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### धूल व गिट्टी से ग्रामीण परेशान, हादसे की खतरा

राम्हेपुर कला से चंदनपुर मार्ग की बदहाल सड़क अब राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। सड़क की डामर परत उखड़ने के बाद जगह-जगह गिट्टी और पत्थर फैल गए हैं, जिससे वाहनों के गुजरने पर तेज धूल उड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि धूल और उड़ती गिट्टियों के कारण लोगों को आंख और सांस संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत और सड़क किनारे सफाई कार्य कराने की मांग की है।

# ग्राम डोंगरिया में आयोजित कुर्मी क्षत्रिय महासभा में विकास व आस्था का संगम

## विधायक बोहरा की पहल पर सीएम ने दी विकास की सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डोंगरिया में आज धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं विकास का भव्य संगम देखने को मिला, जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए।

**खास बातें**

- विधायक की मांग पर मुख्यमंत्री द्वारा डोंगरिया मंदिर के विकास व सौन्दर्यीकरण, 2.5 किलोमीटर सीसी रोड निर्माण तथा छीरपानी जलाशय के नहर विस्तारीकरण की घोषणा की।

इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा और कुर्मी क्षत्रिय महासभा के सदस्यों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया तथा जलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना व भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

तत्पश्चात मुख्यमंत्री जलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। जहां विधायक भावना बोहरा की मांग पर मुख्यमंत्री द्वारा डोंगरिया मंदिर के विकास व सौन्दर्यीकरण हेतु 50 लाख रुपए, ग्राम डोंगरिया से खरहट्टा तक 2.5 किलोमीटर सीसी रोड निर्माण तथा ग्राम डोंगरिया तक छीरपानी जलाशय के नहर विस्तारीकरण की घोषणा की। मुख्यमंत्री द्वारा विकास कार्यों की इस सौगात के लिए भावना बोहरा ने आभार व्यक्त किया। इस सौगात से क्षेत्रवासियों में भी काफी उत्साह देखने को मिला और हजारों की संख्या में उपस्थित क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री और विधायक भावना बोहरा का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जलेश्वर महादेव मंदिर जैसे आस्था केंद्रों का विकास धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं आर्थिक अवसर भी सृजित करेगा।

उन्होंने कुर्मी क्षत्रिय समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह समाज सदैव मेहनत, संगठन और राष्ट्र निर्माण की भावना के लिए जाना जाता है। कृषि, शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, सेना और सामाजिक सेवा जैसे हर क्षेत्र में समाज ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम का परिचय दिया है। समाज की यह ऊर्जा प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में आस्था और विकास के इसी समन्वय के माध्यम से भाजपा सरकार एक सशक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राज्यसभा सांसद श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शसर्वेश कटारिया, कुर्मी समाज के प्रदेश व जिला पदाधिकारी एवं सदस्यगण, भाजपा जिला एवं मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, जिला व जनपद सदस्य एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थें।



### सरकार धार्मिक स्थलों के विकास एवं संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही

विधायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के विकास के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। डोंगरिया क्षेत्र को मिली ये सौगातें विकास की नई दिशा तय करेंगी और क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करेंगी। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य कर रही है। मंदिर, तीर्थ, देवस्थल और सांस्कृतिक धरोहरें केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं, बल्कि वे हमारी परंपरा, आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। इन्हीं मूल्यों को संरक्षित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी की सरकार धार्मिक स्थलों के विकास एवं संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

हाई स्कूल को हॉयर सेकेंण्डरी में उन्नयन की मांग वर्षों से अधूरी

# छात्राओं की पढ़ाई पर मंडरा रहा संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव के हाई स्कूल को हॉयर सेकेण्डरी में उन्नयन किए जाने की मांग वर्षों बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों, पालकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा लगातार शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष मांग उठाई जा रही है, लेकिन आज तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। पिछले वर्ष आयोजित सुशासन तिहार में भी ग्रामीणों ने आवेदन देकर हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नत करने की मांग की थी, किंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी मांग अधूरी बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जब भी कोई जनप्रतिनिधि या अधिकारी पहुंचता है, तब सबसे प्रमुख मांग हाई स्कूल को हॉयर सेकेण्डरी में उन्नयन करने की ही रखी जाती है। इसके बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है।

अब प्रदेश में फिर से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है और आवेदन लिए जा रहे हैं, लेकिन कोलेगांव की पुरानी मांग अब तक फाइलों में ही अटकी हुई है। हाल ही में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें कोलेगांव के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंकों से सफलता हासिल की है। दसवीं पास करने के बाद अब विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए गांव से बाहर जाना पड़ेगा, जिससे पालकों और विद्यार्थियों की चिंता बढ़ गई है।



### दूरी बन रही छात्राओं की पढ़ाई में सबसे बड़ी बाधा

कोलेगांव में हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के लिए कुंडा अथवा कंझेटा जाना पड़ता है। गांव से इन स्कूलों की दूरी लगभग 7 से 8 किलोमीटर बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने और नियमित यातायात सुविधा उपलब्ध नहीं होने से कई परिवार अपनी बेटियों को बाहर पढ़ने भेजने में असमर्थ रहते हैं। परिणामस्वरूप कई छात्राएं दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। ग्रामीणों ने इसे शिक्षा व्यवस्था की बड़ी समस्या बताते हुए गांव में ही हॉयर सेकेंडरी शुरू करने की मांग उठाई है।

### शानदार रिजल्ट के बाद भी भविष्य को लेकर चिंतित विद्यार्थी

इस वर्ष कोलेगांव हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों में आगे पढ़ने की इच्छा तो है, लेकिन गांव में हॉयर सेकेंण्डरी की सुविधा नहीं होने से उनका भविष्य अधर में नजर आ रहा है। छात्राओं का कहना है कि वे अपने गांव में रहकर ही पढ़ाई जारी रखना चाहती हैं, ताकि सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर सकें। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों की समस्या और भविष्य को देखते हुए जल्द निर्णय लिया जाए।

# गोरेलाल बने मीडिया प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने संगठन को मजबूत बनाने और मीडिया समन्वय को प्रभावी करने की दिशा में गोरेलाल चंद्रवंशी को जिला कांग्रेस कमेटी का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया। जिस पर पार्टी पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि उनकी नियुक्ति से संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। गोरेलाल चंद्रवंशी की नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



# हास्य कवि सम्मेलन 15 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 15 मई को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक साहित्य उत्सव समिति के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पिछले वर्ष मिले शानदार प्रतिसाद के बाद इस बार आयोजन को और अधिक भव्य स्वरूप दिया जा रहा है।

कार्यक्रम को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर उन्हें आयोजन की जानकारी दी। इस दौरान उनके करकमलों से कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। डॉ. रमन सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।

समिति के सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं विधायक भावना बोहरा से भी मुलाकात कर कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया। सभी जनप्रतिनिधियों ने आयोजन की सराहना करते हुए समिति को शुभकामनाएं दीं। समिति के अनुसार इस वर्ष देशभर के प्रसिद्ध हास्य एवं व्यंग्य कवि सम्मेलन में शामिल होंगे। साथ ही स्थानीय कवियों को भी मंच प्रदान किया जाएगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130